बिहार से फलों और सब्जियों का निर्यात

2076. **श्री रामदेव भंडारी:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 30 नवम्बर, 1993 और 1995 तक बिहार से निर्यात किए गए फलों और सब्जियों के संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या फल और सब्जियों के उत्पादक राज्यों में बिहार का प्रथम स्थान है;

(ग) क्या उत्पादन के अनुपात में निर्यात का प्रतिशत संतोषजनक नहीं है; और

(घ) क्या सरकार एक विशेष योजना बनाकर निर्यात में वृद्धि करने का विचार रखती है?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) से (ग) निर्यात के राज्यवार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। तथापि, वर्ष 1993 (अप्रैल से नवम्बर) 1994 (अप्रैल से नवम्बर) तथा 1995 (अप्रैल से सितम्बर, 1995) के दौरान देश से फलों और सब्जियों के निर्यात का मूल्य निम्नानुसार है:—

वर्ष	मूल्य (करोड़ रु० में)
1993 (अप्रैल-नवम्बर, 93)	244.62
1994 (अप्रैल-नवम्बर, 94)	266.26
1995 (अप्रैल-नवम्बर, 95)	229.89

(स्रोत: डी जी सी आई एण्ड एस, कलकत्ता)

वर्ष 1992-93 के दौरान बिहार राज्य का सब्जियों के उत्पादन में प्रथम तथा फलों के मामले में चौथा स्थान था।

(घ) फलों, सब्जियों एवं अन्य कृषिजन्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:—

(i) विशेषीकृत परिवहन एककों की खरीद, पूर्व-प्रशीतन/प्रशीतन भण्डारण सुविधाओं की अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता देना।

(ii) ग्रेडिंग/प्रसंसकरण केन्द्रों, निलामी मंचों, पकाने वाले/क्युरिंग चैम्बर्स तथा गुणवत्ता जांच उपकरणों की स्थापना के लिए सुलभ ऋण दिए गए।

(iii) उन्नत पैकेजिंग के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा गुणवत्ता नियंत्रण को सुदृढ़ करना;

(iv) क्लियरेंस की प्रतीक्षा में पड़ी निर्यात क्षेत्रों के लिए चलन्त प्रकार के प्रशीतन गृहों की स्थापना;

(v) कार्गो बुकिंग के लिए एयर कार्गो सुविधाओं की स्थापना तथा एक छत के नीचे सीमाशुल्क निपटान की सुविधाएं;

(vi) विदेशी बाजारों में स्वीकार्यता में सुधार करने के लिए सड़ने वाले उत्पादों के प्रसंस्करण हेतु वाष्पीकरण सुविधाओं की स्थापना;

(vii) क्रेता-विक्रेता बैठकों का आयोजन तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले/प्रदर्शनियों में भागीदारी;

(viii) निर्यात संवर्धन तथा व्यापार विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना;

(ix) कुछ विशेषीकृत ताजें फलों और सब्जियों को 31.3.1996 तक विशेषीकृत गंतव्यों तक निर्यात के लिए वायुभाड़ा इमदाद।

Proposal to Liberalise Export-Import Policy

2077. SHRI. K. M KHAN: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government propose to further liberalise export-import policy;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government also propose to liberalise the consumer goods sector;

(d) if so, the details thereof with background;

(e) whether some objective are likely to be achieved from such liberalisation; and